प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बीकानेर से देश के 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे–इनमें राजस्थान के 8 स्टेशन शामिलं
- ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के राजनयिक वैश्विक संपर्क के लिए गठित सात सर्वदलीय शिष्टमंडल में से पहला शिष्टमंडल आज रवाना हो रहा हैं
- प्रदेश में गर्मी के तेवर और तीखे हुए–7 शहरों में पारा 45 डिग्री के पार पंहुचां
- सीकर की गीता सामोता माउंट एवरेस्ट पर पंहुचने वाली सीआईएसएफ की पहली महिला अधिकारी बनीं

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बीकानेर से 26 हजार करोड रूपए से ज्यादा की लागत की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगें इनमें रेलवे, सड़क, ऊर्जा, जल और नवीकरणीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं प्रधानमंत्री 18 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 86 जिलों में एक सौ तीन पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का भी उद्घाटन करेंगें इनमें राजस्थान के 8 स्टेशन फतेहपुरशेखावाटी, देशनोक, बूंदी, मांडलगढ, गोगामेडी, राजगढ़, गोविन्दगढ और मंडावर महुआ रोड शामिल हैं

.....

*000000*

आगरा–बांदीकुई रेलमार्ग पर स्थित मंडावर महुआ रेल्वे स्टेशन पर विभिन्न सुविधाओं का विकास किया गया हैं आगरा मंडल के सीनियर डिविजनल मैनेजर कुलदीप मीणा ने बताया कि इस रेल्वे स्टेशन के पुनर्विकास पर 3 करोड़ रूपये खर्च किये गये हैं

.....

इस स्टेशन से सफर करने वाले यात्री रामहेत मीणा ने आकाशवाणी से बातचीत करते हुए रेल्वे स्टेशन पर उपलब्ध करायी गई सुविधाओं पर अपने विचार साझा कियें

....

प्रधानमंत्री कल बीकानेर मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को भी झंडी दिखाकर रवाना करेंगें श्री मोदी चुरू–सादुलपुर रेल लाइन की आधारशिला रखेंगे और सूरतगढ–फलौदी, फुलेरा–देगाना, उदयपुर–हिम्मतनगर, फलोदी–जैसलमेर और सामदारी–बाडमेड रेल लाइन की विद्युतीकरण परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगें वे राजस्थान में सात सड़क परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगें

0000

पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के राजनयिक वैश्विक संपर्क के लिए गठित सात सर्वदलीय शिष्टमंडल में से पहला शिष्टमंडल आज चार देशों के लिए रवाना हो रहा हैं शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगों और सियरा लियोन जाएगां ये बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टोलरेंस नीति के तहत इससे निपटने की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता और दृढसंकल्प को सामने रखेगां

0000

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद भारतीय सेना की वीरता के सम्मान में प्रदेश में तिरंगा यात्राओं के साथ कई आयोजन हो रहे हैं इसी क्रम में आज सवाईमाधोपुर में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली जायेगीं ये यात्रा रेल्वे स्टेशन से शुरू होकर अम्बेडकर सर्किल पर सम्पन्न होगीं नागौर और हनुमानगढ़ में कल तिरंगा रैली निकाली गई वहीं पाली में सिंदूर शक्ति संगम रैली का आयोजन हुआं

0000

प्रदेश में गर्मी के तेवर लगातार तीखे हो रहे हैं कल राज्य के 7 शहरों में पारा 45 डिग्री सैल्सियस के पार पंहुच गयां मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 46 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहां ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 42 से 44 डिग्री सैलिसयस के बीच बना हुआ हैं रात के पारे में भी बढोतरी दर्ज की गई हैं अधिकतम स्थानों पर रात का तापमान 30 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ हैं बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां तेज धूप और लू के असर से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा हैं

.....

तेज गर्मी और लू के बीच पूर्वी राजस्थान में कल मौसम में परिवर्तन देखा गयां बारां में बारिश के साथ कहीं–कहीं ओले गिरने के भी समाचार हैं

.....

मौसम विभाग ने आज बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 44 से 47 डिग्री रहने और हीटवेव की आशंका जताई हैं वहीं उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में आंधी के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती हैं

0000

सीकर के चक गांव निवासी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ की महिला इंस्पेक्टर गीता सामोता ने माउंट एवरेस्ट पर पंहुच कर एक नया कीर्तिमान रच दिया हैं गीता सामोता एवरेस्ट को फतेह करने वाली पहली सीआईएसएफ अधिकारी बन गई हैं 8 हजार 849 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर सफल चढाई करने वाली गीता ने वर्ष 2011 में सीआईएसएफ ज्योइन किया थां साल 2015 में उन्होंने ओली स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में 6 हफ्ते का बेसिक पर्वतारोहण कोर्स कियां इसके बाद उन्होंने 2017 में माउंटेनियरिंग में एडवांस ट्रेनिंग पूरी कीं गौरतलब है कि गीता ने और भी कई चोटियों पर सफल चढाई पूरी की हैं

0000

आईपीएल क्रिकेट में आज मुम्बई इंडियंस का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगां मैच मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगां इससे पहले कल रात एक अन्य मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दियां राजस्थान रॉयल्स के लिए युद्धवीर सिंह चरक और आकाश मधवाल ने तीन–तीन विकेट लिएं आकाश मधवाल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गयां

0000